# कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका

## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 31 वीं बैठक की कार्यवाही

कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 31 वीं बैठक दिनांक 30.09.2024 को केन्द्र के सभागार में आयोजित की गई। यह बैठक निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ॰ आर॰ के॰ सोहाने की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि डॉ॰ अंजनी कुमार, निदेशक आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना एवं विशिष्ट अतिथि डॉ॰ मो॰ मोनोब्रुल्लाह, प्रधान वैज्ञानिक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना के साथ–साथ राज्य सरकार के विभागीय पदाधिकारीगण तथा सम्मानित कृषक सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में सम्मानित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पिछली बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की सम्पुष्टि की गयी तथा निम्नांकित बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

1. निदेशक प्रसार शिक्षा ने निर्देश दिया कि केन्द्र के द्वारा आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का कैलेन्डर तैयार कर इसकी सूचना विभागीय पदाधिकारियों को उपलब्ध करावें तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित विषय के पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका एवं प्रगतिशील किसान को भी आमंत्रित किया जाय, ताकि वे अपने विभाग से संबंधित जानकारी प्रशिक्षु किसानों को दे सकें जिससे कि किसानों को आगे कार्य करने में सहूलियत हो सके। साथ ही मौसम के अनुसार प्रशिक्षण का विषय चयनित करें।

   **कार्यान्वयन** :– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ

2. अनुपालन प्रतिवेदन में भेजे गए पत्र का साक्ष्य/पत्रांक अवश्य अंकित करें। प्रतिवेदन बनाने के क्रम में जिला का प्रोफाईल एवं वर्षापात इत्यादि का डाटा जिला सांख्यिकी कार्यालय से सम्पर्क कर तैयार करें और प्रतिवेदन में डाटा का श्रोत भी अंकित करें।

   **कार्यान्वयन** :– वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान/सभी वि॰ व॰ वि॰

3. निकरा परियोजना के तहत केन्द्र पर तालाब खुदाई की परिचर्चा के क्रम में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा बताया गया कि इसके लिए निदेशक कार्य एवं संयंत्र द्वारा आश्वासन दिया गया है, परन्तु अभी तक खुदाई कार्य नहीं हो पाया है, इस पर निदेश दिया गया कि इस मद में संचित राशि को विश्वविद्यालय से मँगवाकर कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा अपने स्तर पर तालाब खुदाई का कार्य करवाया जाए।

   **कार्यान्वयन** :– वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

4. किसान सारथी एप पर दो लाख से अधिक किसानों को शीघ्र जोड़ें और अधिक से अधिक किसानों को अपने मोबाईल पर इस एप को अपलोड कर इसका लाभ उठाने हेतु प्रेरित करें।

   **कार्यान्वयन** :– श्री राजीव रंजन, कार्य॰ सहा॰ (कम्प्यूटर)

5. अटारी के प्रधान वैज्ञानिक डॉ॰ मोनोब्रुल्लाह ने कहा कि जलवायु की बदलती स्थिति में भी लाह के उत्पादन में कोई कमी नहीं पाई गई। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि इसका विस्तार और अधिक क्षेत्रों में करें और इसके प्रोसेसिंग की भी व्यवस्था करें। इसके व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए एक विशेषज्ञ को बाँका आमंत्रित कर प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था करें।

**कार्यान्वयन** :– श्री संजय कु॰ मंडल, वि॰ व॰ वि॰

6. प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें। संकुल अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण से आच्छादित गाँव से 1000 मिट्टी जाँच नमूना संग्रह कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध करावें।

**कार्यान्वयन** :– श्री संजय कु॰ मंडल, वि॰ व॰ वि॰

7. कटोरिया प्रखंड के बुढ़वाबथान ग्राम में स्थापित सामुदायिक पशु स्वास्थ्य केन्द्र की सराहना करते हुए निदेशक अटारी, पटना एवं निदेशक प्रसार शिक्षा द्वारा इसे जारी रखने का निदेश दिया गया तथा इससे कितने पशु पालकों को फायदा हुआ, का प्रतिवेदन तैयार करने का निदेश दिया गया।

**कार्यान्वयन** :– डॉ॰ संजीत कुमार, वि॰ व॰ वि॰

8. जलवायु अनुकूल कृषि के तहत क्रय किये गये कृषि यंत्रों को किराया पर देने के लिए स्थानीय क्रय समिति का गठन कर कस्टम हायरिंग सेन्टर तैयार करें। धान की कटनी में इन यंत्रों का प्रयोग करें। कृषि यंत्रों का दर निर्धारण के लिए समिति में सहायक निदेशक, कृषि अभियंत्रण को शामिल करें।

**कार्यान्वयन** :– वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान

9. तकनीकी पार्क की सराहना करते हुए कहा कि इसमें शेष बचे कार्य को एक माह में पूर्ण कर लिया जाय और इसमें मशरूम उत्पादन इकाई को भी शामिल किया जाय। निदेशक, अटारी ने कहा कि बटन मशरूम में लागत अधिक है, इसलिए ऑयस्टर और मिल्की मशरूम को बढ़ावा दें।

**कार्यान्वयन** :– सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ

10. जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि जिले के किसानों के घान के फसल के प्रति ज्यादा रूझान है और बदलते मौसम के कारण लोग कम अवधि के धान को लगाना अधिक पसन्द करते हैं। उनके द्वारा कम अवधि वाले धान बीज की उपलब्धता हेतु विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

11. वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा प्रेजेन्टेशन के माध्यम से बताया गया कि संकुल अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के तहत मूँगफली फसल काफी अच्छा है, इसपर अध्यक्ष द्वारा प्रक्षेत्र दिवस मनाने का निदेश दिया गया।

**कार्यान्वयन** :– ई॰ रविरंजन कुमार, वि॰व॰वि॰

12. मिलेट फसल की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं मिलेट के प्रोसेसिंग हेतु प्रशिक्षण कराने का निदेश दिया गया।

**कार्यान्वयन** :– डॉ॰ नेहा सिंह, वि॰व॰वि॰

इस बैठक में निम्नांकित सदस्यों ने भाग लिया –

| क्र॰ सं॰ | पदाधिकारी / वैज्ञानिक एवं कृषक सदस्यों के नाम / पता |
|---|---|
| 1 | डॉ॰ आर॰ के॰ सोहाने, निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर |
| 2 | डॉ॰ अंजनी कुमार, निदेशक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना |
| 3 | डॉ॰ मो॰ मोनोब्रुल्लाह, प्रधान वैज्ञानिक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना |
| 4 | डॉ॰ ब्रजेन्दु कुमार, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका |
| 5 | जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, बाँका |
| 6 | जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, बाँका |
| 7 | सहायक निदेशक (उद्यान), बाँका |
| 8 | जिला पशुपालन पदाधिकारी, बाँका |
| 9 | जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, बाँका |
| 10 | सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण), बाँका |
| 11 | सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), बाँका |
| 12 | जिला गव्य विकास पदाधिकारी, बाँका |
| 13 | उप परियोजना निदेशक, आत्मा, बाँका |
| 14 | अग्रणी बैंक प्रबंधक, बाँका |
| 15 | ई॰ रवि रंजन कुमार, वि॰व॰वि॰ (कृषि अभियंत्रण), कृ॰वि॰के॰, बाँका |
| 16 | श्री संजय कुमार मंडल, वि॰व॰वि॰ (मृदा विज्ञान), कृ॰वि॰के॰, बाँका |
| 17 | डॉ॰ विकास सिंह, वि॰व॰वि॰ (उद्यान), कृ॰वि॰के॰, बाँका |
| 18 | डॉ॰ नेहा सिंह, वि॰व॰वि॰ (कृषि प्रसार), कृ॰वि॰के॰, बाँका |
| 19 | डॉ॰ संजीत कुमार, वि॰व॰वि॰ (पशु चिकित्सा विज्ञान), कृ॰वि॰के॰, बाँका |
| 20 | श्री रवि कुमार, हिन्दुस्तान समाचार पत्र, बाँका |
| 21 | श्रीमती बन्दना कुमारी, मेढ़ा, कटोरिया, बाँका, प्रगतिशील महिला कृषक |
| 22 | श्रीमती विनिता कुमारी, झिरवा, बाँका, प्रगतिशील महिला कृषक |
| 23 | श्री रूपेश कुमार चौधरी, उपरामा, रजौन, बाँका, प्रगतिशील कृषक |
| 24 | श्री पवन कुमार, बिदनचक, अमरपुर, बाँका, प्रगतिशील कृषक |
| 25 | श्री मुंशी मरांडी, हीरमोती, बाँका, प्रगतिशील कृषक |
| 26 | श्रीमती वीणा हेम्ब्रम, मुक्ति निकेतन, कटोरिया |

01-10-2024

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका

ज्ञापांक–IV / कृ॰वि॰के॰ बाँका / 175        दिनांक– 01.10.2024

प्रतिलिपि :– सभी किसान प्रतिनिधि एवं सम्मानित सदस्य को सूचनार्थ।

01-10-2024

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका

ज्ञापांक–IV / कृ॰वि॰के॰ बाँका / 175        दिनांक– 01.10.2024

प्रतिलिपि :– निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर / निदेशक, आई॰सी॰ए॰आर॰–अटारी, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

01-10-2024

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, बाँका